University in News on 06 April 2022

JAGRAN CITY PAGE I

प्रथम सेमेस्टर | लखनऊ विश्वविद्यालय ने जारी किया परीक्षाओं का संशोधित कार्यक्रम

एलएलबी इंटीग्रेटेड का परीक्षा कार्यक्रम बदला

जागरण संवाददाता, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय ने मंगलवार को एलएलबी इंटीग्रेटेड (पांच वर्षीय) प्रथम सेमेस्टर के परीक्षा कार्यक्रम में बड़ा बदलाव कर दिया है। पहले वे परीक्षाएं 11 अप्रैल से थीं, अब 12 अप्रैल से शुरू होंगी। वहीं, 11 अप्रैल से होने वाली एलएलबी तीन वर्षीय प्रथम सेमेस्टर की परीक्षाओं में सिर्फ एक परीक्षा तिथि बदली गई है। इसके अलावा बीकाम आनर्स प्रथम सेमेस्टर की परीक्षाएं 13 अप्रैल से होंगी। इसका भी कार्यक्रम वेबसाइट www.lkouniv.ac.in पर अपलोड किया जा रहा है। विधि संकाय के डीन प्रो. सीपी सिंह ने बताया कि एलएलबी तीन और पांच वर्षीय प्रथम सेमेस्टर की परीक्षाएं एक ही दिन 11 अप्रैल से तय कर दी गई थीं, जिससे समस्या हो रही थी। इसलिए एलएलबी इंटीग्रेटेड की परीक्षाएं 12 से फाइनल की गई हैं।

बीकाम आनर्स प्रथम सेमेस्टर : 13 अप्रैल-फाइनेंशियल अकाउंटिंग, 16 अप्रैल-फाइनेंशियल मैथमेटिक्स, 18 अप्रैल-फारेन ट्रेड आफ इंडिया, 20 अप्रैल-प्रिंसिपल्स आफ इकोनामिक्स, 22 अप्रैल-एसेंशियल आफ मैनेजमेंट, 25 अप्रैल-इंडियन इकोनामी एंड पब्लिक फाइनेंस। परीक्षा का समय सुबह नौ से दोपहर 12 बजे।

यह है संशोधित कार्यक्रम

- एलएलबी तीन वर्षीय सेमेस्टर-1 (न्यू कोर्स रेगुलर) : 11 अप्रैल-जुरिस्प्रूडेंस, 13-ला आफ कांट्रेक्ट-1, 18 अप्रैल-पब्लिक इंटरनेशनल ला-1, 20 अप्रैल-फैमिली ला-1, 22 अप्रैल ला आफ क्राइम-1, 25 अप्रैल-कांस्टीट्यूशनल ला आफ इंडिया-1
- एलएलबी तीन वर्षीय सेमेस्टर-1 (ओल्ड कोर्स) : 11 अप्रैल-जुरिस्प्रूडेंस-1, 13 अप्रैल- ला आफ कांट्रेक्ट-1, 18 अप्रैल- ला आफ टोर्ट्स-1, 20 अप्रैल-फैमिली ला-1, 22 अप्रैल-ला आफ क्राइम्स-1, 25 अप्रैल- कांस्टीट्यूशनल ला आफ इंडिया-1, 27 अप्रैल-पब्लिक इंटरनेशनल ला-1
- एलएलबी इंटीग्रेटेड न्यू कोर्स-प्रथम सेमेस्टर : 12 अप्रैल-पालिटिकल साइंस-1, 16 अप्रैल-इकोनामिक्स-1, 19 अप्रैल-हिस्ट्री-1, 21 अप्रैल-अंग्रेजी-1, 23 अप्रैल-सोशियोलाजी-1, 26 अप्रैल-ला आफ कांट्रेक्ट-1 एंड स्पेसिफिक रिलीफ
- एलएलबी इंटीग्रेटेड ओल्ड कोर्स (2016) बैक पेपर -प्रथम सेमेस्टर : हिस्ट्री 12 अप्रैल, 16 अप्रैल-सोशियोलाजी-1, 19 अप्रैल-इकोनामिक्स-1, 21 अप्रैल-पालिटिकल साइंस-1, 23 अप्रैल-साइकोलाजी-1, 26 अप्रैल-लीगल एंड कांस्टीट्यूशनल हिस्ट्री, 28 अप्रैल-नेशनल मूवमेंट एंड इंडिया कांस्टीट्यूशन, 29 अप्रैल-जर्नल इंग्लिश-1
- एलएलबी इंटीग्रेटेड सेमेस्टर-01 ओल्ड कोर्स (2017) बैक पेपर: 12 अप्रैल-पालिटिकल साइंस-1, 16 अप्रैल-इकोनामिक्स-1, 19 अप्रैल-साइकोलाजी-1, 21 अप्रैल-लीगल एंड कांस्टीट्यूशनल हिस्ट्री, 23 अप्रैल-लैंग्वेज एंड राइटिंग, 26 अप्रैल-सोशियोलाजी-1, 28 अप्रैल-ला आफ कांट्रेक्ट-1
- एलएलबी इंटीग्रेटेड सेमेस्टर-प्रथम ओल्ड कोर्स (2018) बैक पेपर : 12 अप्रैल-पालिटिकल साइंस-1, 16 अप्रैल-इकोनामिक्स-1, 19 अप्रैल-लीगल एंड कांस्टीट्यूशनल हिस्ट्री, 23 अप्रैल-लैंग्वेज एंड राइटिंग, 26 अप्रैल-सोशियोलाजी-1, 28 अप्रैल-ला आफ कांट्रेक्ट-1
- एलएलबी इंटीग्रेटेड सेमेस्टर-1 ओल्ड कोर्स (2019) बैक पेपर : 12 अप्रैल-पालिटिकल साइंस-1, 16 अप्रैल-इकोनामिक्स-1, 19 अप्रैल-साइकोलाजी-1, 21 अप्रैल-हिस्ट्री-1, 23 अप्रैल-इंग्लिश-1, 26 अप्रैल-सोशियोलाजी-1, 28 अप्रैल-ला आफ कांट्रेक्ट-1

17 केंद्रों पर होंगी एलएलबी प्रथम सेमेस्टर की परीक्षाएं

लवि ने एलएलबी तीन वर्षीय और एलएलबी इंटीग्रेटेड प्रथम सेमेस्टर परीक्षाओं की सूची जारी कर दी। इनके लिए 17 केंद्र बनाए गए हैं। विद्यार्थी विकल्प के अनुसार परीक्षा केंद्र देख सकते हैं। परीक्षा नियंत्रक ने बताया कि 17 परीक्षा केंद्रों में 39 विभिन्न कालेजों के छात्र-छात्रा परीक्षा देंगे।

ये हैं परीक्षा केंद्र: सीएमएस पीजी कालेज हरदोई, महाराजा प्रताप राजकीय महाविद्यालय हरदोई, गार्डनी पीजी कालेज लखीमपुर खीरी, लखनऊ विश्वविद्यालय। फैकल्टी आफ ला), डीएवी डिग्री कालेज लखनऊ, श्री जवाहरलाल मिश्र पीजी कालेज, शिवा पीजी कालेज, अलवर्ट बेगम ला कालेज फैजाबाद रोड, गर्ल्स पीजी ला कालेज फैजाबाद रोड, सेंट मदर टेरेसा विधि महाविद्यालय गोमती नगर, ईवा लाल ला कालेज सरोजनी नगर, नवदेश्वर ला कालेज निन्हाट, वीएसएस महिला महाविद्यालय रहड़ी का तालाब, गुन्नौर डिग्री कालेज हरदोई रोड बरगद कला, फिरोज गांधी कालेज सरकौली, एक एस राजकीय डिग्री कालेज महमूदाबाद सीतापुर, आरएमपी पीजी कालेज सीतापुर।

गलती न सुधरी तो फंस जाएगी छात्रवृत्ति

जागरण संवाददाता, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के सैकड़ों विद्यार्थी छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति न मिलने से परेशान हैं। उनमें से तमाम ऐसे छात्र-छात्राएं भी हैं, जिन्होंने आनलाइन आवेदन में त्रुटि कर दी थी। इसमें सुधार के लिए प्रार्थना पत्र के साथ दस्तावेज भी उपलब्ध करा दिए थे। यही नहीं, यह दस्तावेज समाज कल्याण विभाग को भी भेज भी दिए गए, लेकिन वहां से अब तक छात्र-छात्राओं के लागइन पर स्टेटस में सुधार नहीं हुआ। ऐसे में विद्यार्थी परेशान हैं कि त्रुटि की वजह से कहीं छात्रवृत्ति से वंचित न रह जाएं। इसको लेकर कुलसचिव डा. विनोद कुमार सिंह ने समाज कल्याण विभाग के निदेशक को पत्र लिखकर समस्या हल करने के लिए कहा है।

लखनऊ विश्वविद्यालय हर साल समाज कल्याण विभाग के निदेशक को पत्र भेजकर छात्रवृत्ति फार्म भरवाता है। इसमें से इस बार भी शैक्षिक सत्र 2021-22 में दसमोत्तर छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति योजना के तहत यह प्रक्रिया पूरी की गई। विश्वविद्यालय ने शुल्क प्रतिपूर्ति योजना के तहत पहले, दूसरे व तीसरे चरण में आवेदन पत्रों के डाटा अग्रसारित करने के लिए कालेजों को मौका दिया था। यह प्रक्रिया होने के बाद भी बड़ी संख्या में विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति अब तक नहीं आई है। अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, सामान्य वर्ग और अल्पसंख्यक वर्ग के कई विद्यार्थियों ने कुलसचिव से छात्रवृत्ति न मिलने की शिकायत दर्ज कराई है।

क्यों हुआ स्टेटस में सुधार: कुलसचिव ने बताया कि बहुत से छात्र-छात्राओं ने अपने लागइन स्टेटस पर प्रदर्शित हो रही त्रुटियों में सुधार के लिए प्रार्थना पत्र और त्रुटि के सापेक्ष संबंधित दस्तावेज भी दिए थे। विश्वविद्यालय ने सभी दस्तावेज समाज कल्याण विभाग को अग्रिम कार्यवाही के लिए भेज दिए थे, लेकिन अभी तक स्टेटस पर वह त्रुटि नहीं ठीक की गई है। नया सत्र एवं सेमेस्टर शुरू होने वाला है। शुल्क प्रतिपूर्ति न मिलने से विद्यार्थी वर्तमान सत्र व सेमेस्टर का शुल्क जमा करने की असमर्थता को लेकर परेशान हैं। इसलिए इनकी समस्याओं का समाधान जरूरी है।

लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलसचिव ने समाज कल्याण विभाग के निदेशक को पत्र भेजकर बताई विद्यार्थियों की समस्या

NBT PAGE 6

एलयू से जुड़े कॉलेजों में बढ़े दाखिले

■ **एनबीटी, लखनऊ:** एलयू में नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू होने नतीजे दिखने लगे हैं। सत्र 2021-22 से चार जिलों हरदोई, लखीमपुर-खीरी, रायबरेली और सीतापुर के डिग्री कॉलेज विवि से संबद्ध किए गए हैं। इन कॉलेजों में स्नातक स्तर के पाठ्यक्रमों (बीए, बीएससी और बीकॉम) में कुल 94,392 दाखिले हुए।

एलयू प्रवक्ता प्रो. दुर्गेश श्रीवास्तव के अनुसार सत्र 2020-21 तक छत्रपति शाहूजी महाराज विवि कानपुर से संबद्ध रहे इन जिलों के कॉलेजों में 84,875 प्रवेश हुए थे। जबकि एलयू से जुड़ने के बाद स्नातक स्तर पर दाखिले में 11.2 फीसद की बढ़ोतरी हुई है। देश में सबसे पहले नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप चार वर्षीय पाठ्यक्रम 2021-22 से लागू करने का सीधा फायदा विद्यार्थियों को मिलेगा। इंटर्नशिप, रिसर्च प्रॉजेक्ट और ऑनलाइन पाठ्यक्रम का भी फायदा उठा सकेंगे। पाठ्यक्रम में फ्लेक्सिबल एंट्री और एग्जिट का मौका भी दिया गया है। इससे किन्हीं कारणों से पाठ्यक्रम पूरा करने पर दिक्कत होने की स्थिति में सर्टिफिकेट और डिप्लोमा मिल सकेगा। इतना ही नहीं चार वर्षीय पाठ्यक्रम के बिच्चाल अगर तीन वर्ष में ही हटना चाहेंगे तो यूजी की डिग्री मिलेगी। जबकि चार साल का कोर्स पूरा करने पर यूजी विद रिसर्च (स्नातक शोध के साथ) की डिग्री दी जाएगी ।

लविवि : फिर बदली गईं लॉ परीक्षा की तिथियां

लखनऊ। लविवि में लॉ की परीक्षाओं को लेकर बदलाव का क्रम जारी है। इस बार विवि प्रशासन ने परीक्षा कार्यक्रम में बदलाव किया है। खास ये कि इस बदलाव की जानकारी विवि की वेबसाइट पर भी नहीं अपलोड की गई। इसी क्रम में मंगलवार देर शाम परीक्षा केंद्रों की सूची जारी की गई।

विवि प्रशासन द्वारा 31 मार्च को जारी कार्यक्रम के अनुसार एलएलबी तीन वर्षीय व एलएलबी पांच वर्षीय पाठ्यक्रम की परीक्षाएं 11 अप्रैल से प्रस्तावित की गई थीं। वहीं विवि प्रशासन द्वारा किए गए बदलाव के अनुसार एलएलबी तीन वर्षीय पाठ्यक्रम की परीक्षाएं तो पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 11 अप्रैल से ही शुरू हो रही हैं और इसमें आंशिक बदलाव किया गया है, लेकिन एलएलबी पांचवर्षीय पाठ्यक्रम की परीक्षाएं 12 अप्रैल से शुरू होंगी और इसके कार्यक्रम में अधिकतर बदलाव कर दिया गया है। लगभग सभी पेपर की तिथियां बदल दी गई हैं। इस बारे में डीन लॉ प्रो. सीपी सिंह ने कहा कि चूंकि लॉ तीन व पांच वर्षीय पाठ्यक्रम की तिथियां एक साथ ही पड़ रही थीं इसलिए इसमें बदलाव किया गया है। अब दोनों कोर्सों की परीक्षा तिथियां अलग-अलग हो गई हैं। दूसरी तरफ विवि की ओर से जारी केंद्रों की सूची के अनुसार लॉ की परीक्षा के लिए हरदोई में दो, लखीमपुर खीरी में एक, लखनऊ में 11, रायबरेली में एक, सीतापुर में दो केंद्र बनाए गए हैं। वहीं बीकॉम ऑनर्स पहले सेमेस्टर की परीक्षा का कार्यक्रम भी जारी कर दिया गया। इसके अनुसार परीक्षा 13 से 25 अप्रैल के बीच आयोजित की जाएंगी। (माई सिटी रिपोर्टर)

विवि की वेबसाइट पर भी नहीं अपलोड की सूचना

AMAR UJALA MY CITY PAGE 5

शुल्क भरपाई के समाधान को लिखा पत्र

लखनऊ। लविवि के काफी छात्रों को अब तक छात्रवृत्ति नहीं मिली है। इससे वे परेशान हैं। कई छात्र संगठनों ने कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय से मिलकर हस्तक्षेप की मांग की थी। इसी क्रम में रजिस्ट्रार डॉ. विनोद कुमार सिंह ने निदेशक समाज कल्याण को पत्र भेजकर इसका समाधान [illegible] 2021-22 में [illegible] स्ट्रार ने कहा है कि सत्र एससी, ओबीसी [illegible] के लिए विवि के एससी- नहीं मिली है। [illegible] छात्रों को अभी तक छात्रवृत्ति कराकर आवश्य[illegible] दिख रही कमियों में सुधार बाद भी अभी [illegible] भाग को भेजा गया है। इसके नया सेमेस्टर श[illegible] में बदलाव नहीं हुआ है। से छात्र शुल्क [illegible] तक शुल्क प्रतिपूर्ति न होने का जल्द समाध[illegible] ता रहे हैं। ऐसे में इस समस्या [illegible] ोर्टर)

नई शिक्षा नीति के तहत कालेजों में बढ़ी विद्यार्थी संख्या

जागरण संवाददाता, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय में नई शिक्षा नीति लागू होने के बाद चार जिलों के कालेजों में 2020-21 की अपेक्षा 2021-22 में 11.2 फीसद छात्र संख्या में इजाफा हुआ है। वहीं, लखनऊ के कालेजों में भी 25 फीसद बढ़ोतरी हुई।

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने बताया कि सत्र 2021-22 से चार नए जिले हरदोई, लखीमपुर खीरी, रायबरेली, और सीतापुर सम्बद्ध हुए थे, जिसमें स्नातक स्तर के विभिन्न पाठ्यक्रमों जैसे बीए, बीएससी और बीकाम में कुल 94,392 प्रवेश हुए हैं। सत्र 2020-21 में यह संख्या 84,875 थी। इसी तरह लखनऊ के महाविद्यालयों में सत्र 2020-21 में स्नातक स्तर के विभिन्न पाठ्यक्रमों बीए, बीएससी, बीकाम में 25217 प्रवेश हुए थे, जबकि सत्र 2021-22 में 31,724 छात्र-छात्राओं ने ही दाखिला लिया था। कुलपति ने बताया कि यह वृद्धि लखनऊ विश्वविद्यालय की ओर से लागू नई शिक्षा नीति का परिणाम है।

जूलॉजी [illegible] ो मिले मेडल

लखनऊ। लवि[illegible] मंगलवार को मेधावियों को मेडल दिए गए [illegible] जीबी पटनायक ने मेधावियों को मेडल दिए। [illegible] वास्तव, मुनीबा अली, शिवांगी शुक्ला, अमृता साहू, आंदिति पांडेय, श्रुति शुक्ला, ओसैद मसूद, शिखा वर्मा, श्रुति पांडेय, अनुराधा, अनुज, प्रतीक और आकृति तिवारी आदि को सम्मानित किया गया। विभागाध्यक्ष प्रो. सुधीर कुमार ने अतिथि का परिचय दिया। कार्यक्रम में डीन प्रो. बृजेंद्र सिंह, कुलसचिव डॉ. विनोद कुमार सिंह, प्रो. एसपी त्रिवेदी, प्रो. जीएन वर्मा, प्रो. निरुपमा अग्रवाल आदि मौजूद थे। (माई सिटी रिपोर्टर)

अच्छी पहल : विदेश में उच्च शिक्षा के अवसर की देंगे जानकारी

लखनऊ। लविवि का विधि संकाय अपने छात्रों के साथ सहयुक्त कॉलेजों के विद्यार्थियों को विदेश में अध्ययन के अवसर की जानकारी देगा और इसमें सहयोग भी करेगा। विवि से सहयुक्त सभी विधि महाविद्यालयों के छात्रों को सूचित किया गया है कि मूट कोर्ट एसोसिएशन इंटरनेशनल डेवलपमेंट प्रोग्राम के सहयोग से 'विदेश में अध्ययन के अवसर: स्टडी अब्रॉड अपॉर्चुनिटी' विषय पर एक सेमिनार आयोजित होगा। डीन लॉ प्रो. सीपी सिंह ने बताया कि इंटरनेशनल डेवलपमेंट प्रोग्राम एजुकेशन लिमिटेड एक अंतरराष्ट्रीय शैक्षिक संगठन है जो ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, यूएसए, यूके, आयरलैंड गणराज्य और कनाडा में छात्रों के प्लेसमेंट की पेशकश करता है। इंटरनेशनल डेवलपमेंट प्रोग्राम एक इंटरनेशनल इंग्लिश लैंग्वेज टेस्टिंग सिस्टम है और निर्धारित परीक्षा केंद्रों पर अपने नेटवर्क के माध्यम से टेस्ट आयोजित करता है। इंटरव्यू भी लेता है, यह परीक्षा कई चरणों में होती है। इंटरनेशनल डेवलपमेंट प्रोग्राम इंटरनेशनल इंग्लिश लैंग्वेज टेस्टिंग सिस्टम का सबसे बड़ा पार्टनर होने के नाते यह संगठन विदेश में अध्ययन के लिए जितने भी अवसर उपलब्ध हैं, उनके बारे में छात्रों को जागरूक करता है। उन्होंने बताया कि यह सेमिनार बुधवार छह अप्रैल को दोपहर 12 बजे से विधि संकाय में होगा। इच्छुक छात्र इसमें शामिल हो सकते हैं। (माई सिटी रिपोर्टर)

लविवि के विधि विभाग में आज होगी कार्यशाला

i-NEXT PAGE 2

स्कॉलरशिप फॉर्म भरने में ही कर दी है मिस्टेक

lucknow@inext.co.in

LUCKNOW (5 Apr): लखनऊ यूनिवर्सिटी के सैकड़ों स्टूडेंट्स स्कॉलरशिप व फीस प्रतिपूर्ति न मिलने से परेशान हैं. तमाम ऐसे स्टूडेंट्स हैं, जिन्होंने ऑनलाइन आवेदन में गलती कर दी थी. इसमें सुधार के लिए प्रार्थनापत्र के साथ दस्तावेज भी उपलब्ध करा दिए गए थे. यह दस्तावेज समाज कल्याण विभाग को भी भेज भी दिए गए, लेकिन वहां से अब तक स्टूडेंट्स की लॉगइन पर स्टेटस में सुधार नहीं हुआ. इसे लेकर कुलसचिव डॉ. विनोद कुमार सिंह ने समाज कल्याण विभाग के निदेशक को पत्र लिखकर समस्या हल करने के लिए कहा है.

लखनऊ यूनिवर्सिटी ने सुधारने के लिए विभाग को लिखा लेटर

नहीं आई स्कॉलरशिप

लखनऊ यूनिवर्सिटी हर साल समाज कल्याण विभाग के निर्देश पर स्कॉलरशिप फार्म भरवाता है. शैक्षिक सत्र 2021-22 में स्कॉलरशिप व फीस प्रतिपूर्ति योजना के तहत यह प्रक्रिया पूरी की गई. यूनिवर्सिटी ने फीस प्रतिपूर्ति योजना के तहत पहले, दूसरे व तीसरे चरण में आवेदन पत्रों के डाटा अपलोड करने के लिए कॉलेजों को मौका दिया था. यह प्रक्रिया होने के बाद भी बड़ी संख्या में स्टूडेंट्स की स्कॉलरशिप अब तक नहीं आई है.

दूर हुई स्टूडेंट्स की परेशानी

एलयू में यूजी फर्स्ट सेमेस्टर के अन्तर्गत बीकॉम के एग्जाम 30 मार्च से शुरू हो चुके हैं. बीकॉम आनर्स फर्स्ट सेमेस्टर के छात्र अपना एग्जाम कार्यक्रम जारी न होने से परेशान थे. परीक्षा नियंत्रक विद्यानन्द त्रिपाठी ने बीकॉम आनर्स का एग्जाम शेड्यूल जारी कर दिया है. फर्स्ट सेमेस्टर के एग्जाम 13 अप्रैल से शुरू होंगे और 25 अप्रैल को खत्म होंगे.

TOI PAGE 2

LU felicitates meritorious students of zoology dept

TIMES NEWS NETWORK

WINNERS ALL

Lucknow: Meritorious students of Lucknow University's zoology department, including toppers who could not be awarded medals during the convocation ceremony due to Covid restrictions on large gatherings, were felicitated on Tuesday.

Vandita Srivastava (MSc Zoology, batch 2020) and Muneeba Ali (M.Sc. Zoology, batch 2021) were awarded "Zoological Society of India, KN Bahl Gold Medal" and Dr Vineeta Saxena Memorial Gold Medal respectively for securing the highest percentage in MSc four semester examination and standing first in the order of merit.

Vandita Srivastava and Shivangi Shukla (MSc Zoology batch 2020 and 2021) were awarded "Dr Rajni Sanwal Memorial Gold Medal" for securing the highest percentage in MSc Zoology fourth semester in 'Fish Biology' specialization.

The department also felicitated the students, who qualified CSIR-UGC NET (LS/JRF) and GATE in the academic session 2020-2021.

The list included Amrita Sahu, Aditi Pandey, Shruti Shukla, Osaid Masood, Shikha Verma, Shruti Pandey, Anuradha, Anuj, Prateek, Aakriti Tiwari, Vandita Srivastava, Mihir Kumar and Vidushi Banerjee. Head of the department Prof. Sudhir Kumar welcomed the chief guest, GB Patnaik, ex-IAS officer and former Lucknow University Vice-Chancellor. In his motivational address to the students, Patnaik said that the talent and learning play a great role in shaping the career. Dean, faculty of science, Prof Brijendra Singh, LU registrar Vinod Kumar Singh also motivated the students.

The ceremony ended with a cultural program performed by students of MSc Semester II.

LU tag brings more students to colleges

TIMES NEWS NETWORK

Lucknow: A study done by Lucknow University shows an increase in the number of students taking admission in colleges located in districts such as Hardoi, Lakhimpur-Kheri, Rae Bareli and Sitapur in the academic session 2021-22.

The study shows 94,392 students taking admissions in various undergraduate courses in colleges from these four districts in academic session 2021-22. The number of students in these districts in academic session 2020-21 were 84,875 when colleges in these districts were affiliated to Chhatrapati Shahuji Maharaj University, Kanpur.

According to authorities, the increase in number of students is due to brand LU. The results came after university implemented NEP, said LU spokesperson.

PIONEER PAGE 3

लवि : बीबीए, बीसीए के प्रवेश पत्र जारी

लखनऊ विश्वविद्यालय ने सात अप्रैल से शुरू होने वाली बीबीए प्रथम सेमेस्टर परीक्षाओं के लिए केंद्रों की सूची सोमवार देर रात जारी कर दी थी। यह भी दावा किया था कि एक घंटे में प्रवेश पत्र वेबसाइट पर अपलोड हो जाएंगे, लेकिन मंगलवार सुबह जब विद्यार्थियों ने प्रवेश पत्र डाउनलोड करना शुरू किया तो उनके सामने यह समस्या खड़ी हो गई कि वेबसाइट exam.luonline.in पर 'एडमिट कार्ड कुड नाट फाउंड' लिखकर आ रहा था। इसको लेकर वे परेशान हो गए। हालांकि, जब दोपहर 12 बजे के बाद प्रवेश पत्र डाउनलोड होना शुरू हुए तो विद्यार्थियों ने राहत की सांस ली। बीबीए प्रथम सेमेस्टर की परीक्षाएं 22 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जिनकी सूची विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड कर दी गई है।

विद्यार्थियों ने देखी चीनी बनने की विधि

जागरण संवाददाता, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के इंजीनियरिंग संकाय के विद्यार्थियों को मंगलवार को औद्योगिक भ्रमण कराया गया। संकाय के संचालक प्रो. अरुण दीक्षित ने बताया कि पांचवें वित्तीय के तीसरे वर्ष के विद्यार्थियों को सेकरपुर चीनी मिल बिसवां, सीतापुर का औद्योगिक भ्रमण कराया गया। इसमें कुल 50 विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। संचालक ने चीनी मिल की कार्यप्रणाली को समझते हुए मशीनें दिखाईं। साथ ही चीनी बनने तक की पूरी विधि भी बताई। इस प्रकार छात्रों ने अपने विषय उत्पादनविधि में संबंध का विद्यार्थी का वास्तविक अनुभव लिया।

लवि : विधि संकाय में सेमिनार आज

जागरण संवाददाता : लखनऊ विश्वविद्यालय मूट कोर्ट एसोसिएशन इंटरनेशनल डेवलपमेंट प्रोग्राम के सहयोग से विदेश में अध्ययन के अवसर विषय पर बुधवार को दोपहर 12 बजे से सेमिनार आयोजित करेगा। विधि संकाय के डीन प्रो. सीपी सिंह ने बताया कि यह प्रोग्राम विद्यार्थी में अध्ययन को लेकर विद्यार्थियों के लिए उपयोगी हो सकता है। इसलिए ऐसे सभी छात्र-छात्राएं जो विदेशों में अध्ययन करना चाहते हैं, वे शामिल हो सकते हैं।

लविवि के सीमा विस्तार के बाद छात्र संख्या में बढ़ोत्तरी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

लखनऊ विश्वविद्यालय के सीमा विस्तार के बाद विवि की छात्रत्व संख्या में 11.2 फीसद की बढ़ोत्तरी दर्ज की गयी है। विवि से नए चार जिले हरदोई, लखीमपुर.खीरी, रायबरेली और सीतापुर के कॉलेजों छात्र संख्या में इजाफा हुआ है।साथ ही लखनऊ जिले के सम्बद्ध कॉलेजों में गत वर्ष की अपेक्षा वर्तमान शैक्षिक सत्र में करीब 25 फीसदी अधिक दाखिले हुए हैं। विवि का दावा है कि नई शिक्षा नीति से लविवि की विश्वसनीयता बढ़ी है।

विश्वविद्यालय के प्रवक्ता डा दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि शैक्षित सत्र 2021.22 में हरदोई, लखीमपुर.खीरी, रायबरेली, और सीतापुर के डिग्री कॉलेज लखनऊ विश्वविद्यालय से सम्बद्ध किए गए हैं। इसके बाद स्नातक स्तर के विभिन्न पाठ्यक्रमों बीए, बीएससी और बीकॉम में कुल 94392 दाखिले हुए हैं। वहीं सत्र 2020.21 में उपरोक्त चार जिलों से सम्बद्ध कॉलेजों में कुल 84875 दाखिले हुए थे। यानि लखनऊ विश्वविद्यालय से संबद्धता के बाद नए सम्बद्ध हुए 4 ज़िलों के कॉलेजों में स्नातक स्तर पर दाखिले के लिए छात्रों की संख्या में कुल 11.2 फीसदी की वृद्धि हुई। इसी प्रकार लखनऊ ज़िले के सम्बद्ध कॉलेजों में सत्र 2020.21 में स्नातक स्तर के विभिन्न पाठ्यक्रमों बीए, बीएससी और बीकॉम में जहां 25217 दाखिले हुए। वहीं सत्र 2021.22 में लखनऊ जिले के कॉलेजों में 31724 दाखिले हुए जो 2020.21 की तुलना में लगभग 25 फीसदी अधिक है।

HINDUSTAN PAGE 6

जारी हुए बीबीए और बीसीए के एडमिट कार्ड

lucknow@inext.co.in

LUCKNOW (5 Apr): लखनऊ यूनिवर्सिटी ने 7 अप्रैल से शुरू होने वाली बीबीए प्रथम सेमेस्टर परीक्षाओं के लिए केंद्रों की सूची सोमवार देर रात जारी कर दी थी. यह भी दावा किया था कि एक घंटे में प्रवेश पत्र वेबसाइट पर अपलोड हो जाएंगे, लेकिन मंगलवार सुबह जब विद्यार्थियों ने प्रवेश पत्र डाउनलोड करना शुरू किया तो उनके सामने यह समस्या खड़ी हो गई कि वेबसाइट exam.luonline.in पर 'एडमिट कार्ड कुड नाट फाउंड' लिखकर आ रहा था. इसको लेकर वे परेशान हो गए. हालांकि, जब दोपहर 12 बजे के बाद प्रवेश पत्र डाउनलोड होना शुरू हुए तो स्टूडेंट्स ने राहत की सांस ली. बीबीए फर्स्ट सेमेस्टर के एग्जाम 7 और बीसीए के एग्जाम 11 अप्रैल से शुरू होने हैं.

एलयू: जूलॉजी के मेधावियों को स्वर्ण

लखनऊ। एलयू जूलॉजी विभाग में मेधावियों को पदक दिए गए। पूर्व कुलपति जीबी पटनायक ने पदक दिए। एमएससी जूलॉजी बैच 2020 की वंदिता श्रीवास्तव, मुनीबा अली को जूलॉजिकल सोसाइटी ऑफ इंडिया, के.एन. बहल गोल्ड दिया गया। डॉ. विनीता सक्सेना मेमोरियल गोल्ड, एमएससी में उच्चतम प्रतिशत अंक के लिए दिया। वंदिता और शिवांगी शुक्ला को एमएससी में उच्चतम प्रतिशत के लिए रजनी सनवाल गोल्ड दिया गया।

13 अप्रैल से बीकॉम ऑनर्स की परीक्षा

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में स्नातक प्रथम सेमेस्टर की परीक्षाओं के अन्तर्गत बीकॉम की परीक्षाएं 30 मार्च से शुरू हो चुकी हैं। जिसके बाद बीकॉम आनर्स प्रथम सेमेस्टर के छात्र अपना परीक्षा कार्यक्रम जारी नहीं होने से परेशान थे। छात्रों की समस्या का समाधान हो गया है।

परीक्षा नियंत्रक विद्यानन्द त्रिपाठी ने बीकॉम आनर्स का परीक्षा कार्यक्रम मंगलवार को जारी कर दिया। प्रथम सेमेस्टर की परीक्षाएं 13 अप्रैल से शुरू होंगी और 25 अप्रैल को खत्म होंगी। सभी परीक्षाएं सुबह नौ से 12 बजे की पाली में होंगी।

डेट में बदलाव, अब 13 अप्रैल से बीकॉम आनर्स फर्स्ट सेमेस्टर के होंगे एग्जाम

एलयू ने जारी किया परीक्षाओं का संशोधित कार्यक्रम

lucknow@inext.co.in

LUCKNOW (5 Apr): लखनऊ यूनिवर्सिटी ने मंगलवार को एलएलबी इंटीग्रेटेड (फाइव इयर) फर्स्ट सेमेस्टर के एग्जाम के कार्यक्रम में बड़ा बदलाव कर दिया है. पहले ये एग्जाम 11 अप्रैल से आयोजित होने थे. अब 12 अप्रैल से शुरू होंगे, वहीं, 11 अप्रैल से होने वाली एलएलबी थ्री इयर का फर्स्ट सेमेस्टर एग्जाम में सिर्फ एक एग्जाम की डेट बदली गई है. इसके अलावा बीकाम आनर्स फर्स्ट सेमेस्टर के एग्जाम 13 अप्रैल से होंगे.

CONCEPT PIC



11 अप्रैल से होने वाली एलएलबी थ्री इयर के फर्स्ट सेमेस्टर एग्जाम में एक एग्जाम की डेट बदली गई है. बीकाम आनर्स फर्स्ट सेमेस्टर के एग्जाम 13 अप्रैल से होंगे.

ये है संशोधित कार्यक्रम

एलएलबी थ्री इयर सेमेस्टर 1 (न्यू कोर्स रेगुलर)

11 अप्रैल-जुरिस्प्रूडेंस, 13 -ला आफ कांट्रेक्ट-1, 18 अप्रैल-पब्लिक इंटरनेशनल ला-1, 20 अप्रैल-फैमिली ला-1, 22 अप्रैल ला आफ क्राइम-1, 25 अप्रैल-कांस्टीट्यूशनल ला आफ इंडिया-1

एलएलबी थ्री इयर सेमेस्टर-1 (ओल्ड कोर्स)

11 अप्रैल- जुरिस्प्रूडेंस-1, 13 अप्रैल- ला आफ कांट्रेक्ट-1, 18 अप्रैल-ला आफ टोर्ट्स-1, 20 अप्रैल-फैमिली ला-1, 22 अप्रैल-ला आफ क्राइम्स-1, 25 अप्रैल-कांस्टीट्यूशनल ला आफ इंडिया-1, 27 अप्रैल-पब्लिक इंटरनेशनल ला-1

एलएलबी इंटीग्रेटेड न्यू कोर्स-फर्स्ट सेमेस्टर

12 अप्रैल-पालिटिकल साइंस-1, 16 अप्रैल-इकोनामिक्स-1, 19 अप्रैल-हिस्ट्री-1, 21 अप्रैल-अंग्रेजी-1, 23 अप्रैल-सोशियोलाजी-1, 26 अप्रैल-ला आफ कांट्रेक्ट-1 एंड स्पेसिफिक रिलीफ

एलएलबी इंटीग्रेटेड ओल्ड कोर्स (2016) बैक पेपर

फर्स्ट सेमेस्टर : हिस्ट्री 12 अप्रैल, 16 अप्रैल-सोशियोलाजी-1, 19 अप्रैल-इकोनामिक्स-1, 21 अप्रैल-पालिटिकल साइंस-1, 23 अप्रैल-साइकोलाजी-1, 26 अप्रैल-नेशनल मूवमेंट एंड इंडिया कांस्टीट्यूशन28 अप्रैल-जर्नल इंग्लिश-1

एलएलबी इंटीग्रेटेड सेमेस्टर-1 ओल्ड कोर्स (2017) बैक पेपर

12 अप्रैल-पालिटिकल साइंस-1, 16 अप्रैल-इकोनामि